# टीआई हत्याकांड पर पटेल-दोगने आमने-सामने

- कमल पटेल बोले- आरोपियों की संपत्ति जब्त कर शहीद के परिवार को दें
- दोगने का पलटवार- अच्छे डॉक्टर से इलाज कराएं, खर्च मैं उठाऊंगा
- राहुल पटेल ने दी मानहानि के मुकदमे की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**हरदा, 4 नवंबर . खातेगांव टीआई दिलीप पुरी हत्याकांड को लेकर हरदा की सियासत गरमा गई है. अवैध शराब कारोबार और आरोपियों के कथित राजनीतिक संरक्षण को लेकर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कांग्रेस पर निशाना साधा तो बुधवार को विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने पलटवार किया.**



## अच्छे डॉक्टर से कराएं इलाज

बुधवार को निज निवास पर पत्रकारवार्ता में विधायक डॉ. दोगने ने कमल पटेल के आरोपों को निराधार बताया. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कमल पटेल के परिजन किसी अच्छे डॉक्टर से उनका इलाज कराएं, इसका पूरा खर्च वह उठाने को तैयार हैं. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने भी पटेल पर राजनीतिक सुर्खियों में बने रहने के लिए बयानबाजी करने का आरोप लगाया. उन्होंने कमल पटेल के कृषि मंत्री रहते जिले में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के आरोप भी लगाए.



## राहुल पटेल ने मांगी माफी, मानहानि की दी चेतावनी

विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल ने कमल पटेल की ओर से उन्हें हत्यारा कहे जाने पर आपत्ति जताई. उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ मामला न्यायालय में विचाराधीन है और फैसला आने से पहले दोषी ठहराना अनुचित है. राहुल पटेल ने सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए ऐसा नहीं होने पर मानहानि का मुकदमा दायर करने की चेतावनी दी. उन्होंने पूर्व मंत्री के कार्यकाल में निर्माण कार्यों में 10 से 20 प्रतिशत कमीशन लेने के आरोप भी लगाए और भ्रष्टाचार के प्रमाण सार्वजनिक करने की चुनौती दी.

दो दिन में हुई दो पत्रकारवार्ताओं के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है. मंगलवार रात पत्रकारवार्ता में कमल पटेल ने आरोप लगाया कि टीआई की हत्या अवैध शराब कारोबार से जुड़ी है और इस कारोबार को कांग्रेस नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है. उन्होंने आरोपी राहुल जायसवाल और उनके भाई मनीष जायसवाल की संपत्ति राजसात कर नीलाम करने तथा उससे मिलने वाली राशि शहीद के परिवार को देने की मांग की.

मुख्यमंत्री की ओर से एक करोड़ रुपए की सहायता और पत्नी को सब इंस्पेक्टर बनाने की घोषणा का स्वागत करते हुए उन्होंने जिले में अवैध कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की मांग भी की. इस दौरान उन्होंने विधायक दोगने पर भी निशाना साधा. टीआई हत्याकांड से शुरू हुआ विवाद अब व्यक्तिगत आरोपों और भ्रष्टाचार के दावों तक पहुंच गया है. दोनों पक्षों के नेताओं के बयानों से जिले का राजनीतिक माहौल गरमा गया है.

# पटाखा बाजार में सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने पहुंचे एसपी



## लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र और पटाखा भंडारण की जांच

नवभारत न्यूज

**हरदा, 4 नवंबर. दीपावली पर्व पर पटाखा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है. बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने पुलिस अधिकारियों के साथ पटाखा बाजार का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया.**

इस दौरान उन्होंने दुकानों में अग्निशमन व्यवस्था, पटाखों के भंडारण, लाइसेंस की वैधता और यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की जांच की.

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा, एसडीओपी हरदा शालिनी परस्ते, कोतवाली थाना प्रभारी रोशन लाल भारती एवं यातायात थाना प्रभारी वर्षा गौर मौजूद रहे. एसपी ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि पटाखों का भंडारण और बिक्री निर्धारित मात्रा एवं नियमों के अनुसार ही करें.

## एक नजर में

### चार मिठाई दुकानों से लिए नमूने, कारखाने को नोटिस

**पिपरिया.** त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने नगर की चार मिठाई दुकानों और कारखानों का निरीक्षण कर नमूने लिए. जिला खाद्य अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि पचमढ़ी रोड स्थित राजस्थान मिष्ठान भंडार से पेड़ा और मोतीचूर के लड्डू के नमूने लिए गए. आजाद वार्ड स्थित इसके कारखाने से मिल्क केक और बेसन के लड्डू के सैंपल लिए गए. बीकानेर मिष्ठान भंडार से बर्फी, मस्त केक और मिल्क केक तथा मालवा डेयरी से मलाई और मावा बर्फी के नमूने लिए गए. कुछ कारखानों में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में अनियमितताएं मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं. नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा.

### छात्राओं को दी सेनेटरी पैड मशीन और आयरन सप्लीमेंट

**पिपरिया.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांडिया में छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें सांडिया पुलिस चौकी प्रभारी अमित सिंह भारद्वाज ने विद्यालय को सेनेटरी पैड मशीन और आयरन सप्लीमेंट के पैकेट भेंट किए. उन्होंने छात्राओं को आपात स्थिति में पुलिस की मदद लेने, महिला हेल्पलाइन का उपयोग करने और सतर्क रहने की जानकारी दी. चौकी प्रभारी ने कहा कि पुलिस उनकी सुरक्षा और सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है. कार्यक्रम में चौकी का स्टाफ, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद रहीं. संचालन सारिका घारु ने किया. प्राचार्य विनयमोहन शर्मा ने पुलिस टीम की पहल के लिए आभार जताया.

### पिपरिया में 6 से 20 नवंबर तक लगेंगी पटाखा दुकानें

**पिपरिया.** दीपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए प्रशासन ने अस्थायी दुकानों के लाइसेंस जारी किए हैं. एसडीएम आकिब खान के अनुसार दुकानें 6 से 20 नवंबर तक निर्धारित स्थलों पर संचालित होंगी. नगर पालिका ने फुटकर पटाखा लाइसेंसधारियों के लिए थोक सब्जी मंडी परिसर में 138 दुकानों का लेआउट तैयार किया है. दुकानदारों ने धनतेरस से दुकानें शुरू होने पर बिक्री प्रभावित होने की आशंका जताई है, क्योंकि पिछले वर्षों में दीपावली से करीब एक सप्ताह पहले दुकानें लग जाती थीं. एसडीएम ने कहा कि धनतेरस के बाद दीपावली तक बिक्री के लिए पर्याप्त समय रहेगा. विक्रेताओं को अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने और नागरिकों को लाइसेंसधारी दुकानों से ही पटाखे खरीदने की सलाह दी गई है.

### जनसुनवाई में पहुंचे 11 आवेदन, निराकरण के निर्देश

**पिपरिया.** जनपद पंचायत सभागार में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 11 लोगों ने आवेदन दिए. इनमें शासकीय जमीन के पट्टे, छात्रवृत्ति, पारिवारिक विवाद और राजस्व संबंधी शिकायतें शामिल रहीं. बनखेड़ी नगर कांग्रेस कमेटी के पंकज प्रजापति ने शासकीय जमीन का नजूलकरण कर वर्षों से रह रहे लोगों को पट्टे देने की मांग की. सरिता बाथरे ने तीन बच्चों के साथ ससुराल पक्ष के दुर्व्यवहार की शिकायत की. एसडीएम ने पुलिस को जांच के निर्देश दिए. राधिका अहिरवार ने छात्रवृत्ति नहीं मिलने की शिकायत की. इसके अलावा सीमांकन, पीएम किसान सम्मान निधि, बिजली बिल और जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े आवेदन भी मिले.

### प्रस्फुटन समितियों को दिया क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण

**पिपरिया.** ग्राम माथनी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और वुमेन चाइल्ड ओल्डर वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में शक्ति प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ. मुख्य अतिथि सरपंच तरुण वर्मा और विशिष्ट अतिथि पंचायत सचिव कल्पना रहीं. नवांकुर संस्था के महेंद्र पटेल, मीरा गढ़वाल और मेंटर धर्मेंद्र कुमार ने समिति पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रशिक्षण दिया. विकासखंड समन्वयक दयाशंकर उमरे ने समितियों के दायित्व, कार्यप्रणाली और ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका बताई.

# गुप्ता ग्राउंड में आज से 127 दुकानों पर मिलेंगे पटाखे



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 4 नवंबर . दीपावली नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है. त्योहार के दौरान बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए नगर पालिका और यातायात पुलिस ने व्यवस्थाएं बनाने की तैयारी शुरू कर दी है.**

हर साल की तरह इस बार भी आतिशबाजी बाजार गुप्ता ग्राउंड में लगाया जाएगा. यहां पटाखा व्यापारियों को 127 दुकानें आवंटित की गई हैं. दुकानों की संख्या पिछले साल के बराबर है.

जिला अस्पताल से हलवाई चौक तक मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति रोकने के लिए पूजन सामग्री के फुटकर विक्रेताओं को एसएनजी स्कूल मैदान में जगह दी जा रही है. यहां कुछ दुकानें तैयार भी हो गई हैं. दीपावली पर इंदिरा चौक, हलवाई चौक, सराफा चौक और सतरास्ता सहित प्रमुख बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावना है. इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष योजना बनाई है. भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा.

# बीज की गुणवत्ता पर कृषि विभाग की नजर

- कृषि आदान विक्रेताओं के दस्तावेज खंगाले
- किसानों को पक्का बिल देने की हिदायत




नव भारत न्यूज

**हरदा, 4 नवंबर . रबी सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज और कृषि सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने जिले में जांच अभियान शुरू किया है. बुधवार को विभागीय टीम ने हरदा विकासखंड के कृषि केंद्रों का निरीक्षण कर बीज के नमूने लिए और बिक्री संबंधी दस्तावेजों की जांच की.**

कलेक्टर कुमार सत्यम के निर्देश और उप संचालक कृषि प्रकाश ठाकुर के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय टीम ने जय किसान कृषि सेवा केंद्र, शुभम् एग्रो एजेंसी और माया एग्रो एजेंसी सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया. इस दौरान विक्रय रिकॉर्ड और जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई. साथ ही बीज के नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए एकत्रित किए गए.

कृषि अधिकारियों ने विक्रेताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही बीज बेचने और प्रत्येक बिक्री पर किसानों को पक्का बिल देने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने चेतावनी दी कि गुणवत्ता या बिक्री प्रक्रिया में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. विभाग के अनुसार यह अभियान जिलेभर में जारी रहेगा. अलग-अलग कृषि केंद्रों की जांच के साथ बीज के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता भी परखी जाएगी.

## युवा उत्सव में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**पिपरिया.** शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव 2026 का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ. प्राचार्य डॉ. एसके मेहरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा उत्सव प्रतिभा निखारने और व्यक्तित्व विकास का अच्छा मंच है. तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन एकल व समूह नृत्य, रंगोली, हिंदी-अंग्रेजी भाषण, एकल वादन और कार्टूनिंग प्रतियोगिताएं हुईं. रंगोली में मुस्कान राय प्रथम, दीपिका पटेल-सोनिया ठाकुर द्वितीय और रंशिका कहार-क्षितिज मेहरा तृतीय रहे. एकल नृत्य में आरती उइके, समूह नृत्य में वंशिका एवं समूह प्रथम रहे. हिंदी भाषण में प्रियंक साहू और अंग्रेजी भाषण में भक्ति पटवा ने बाजी मारी. कार्टूनिंग में मोनिका कुशवाहा प्रथम रहीं.

# डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके अपनाने किसानों को करेंगे प्रोत्साहित

- नरवाई जलाने वालों पर लगेगा जुर्माना
- गांवों में हर जगह चलाएंगे जागरूकता अभियान



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 4 नवंबर . जिले में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कृषि विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं. बुधवार को आयोजित बैठक में उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था और कृषि विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की.**

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को जरूरत के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए. इसके लिए डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके खाद के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें. साथ ही आवश्यकता के मुताबिक यूरिया का वितरण भी सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने सहकारी समितियों के माध्यम से खाद की निरंतर आपूर्ति बनाए रखने और वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला विपणन अधिकारी तथा कृषि विभाग की टीमों को फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए.

### नरवाई जलाने पर होगी जुर्माने की कार्रवाई

कलेक्टर ने नरवाई जलाने से होने वाली आगजनी और पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की घटनाओं पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि किसानों को जागरूक कर नरवाई जलाने के दुष्परिणाम बताए जाएं. इसके बावजूद कोई किसान नरवाई जलाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाए.

## सर्वोदय विद्यापीठ स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर

**पिपरिया.** सुरक्षित बचपन अभियान के तहत सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में हुए शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निशा रघुवंशी ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच और नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी. उन्होंने मोबाइल फोन का सुरक्षित उपयोग करने और अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी. किसी अप्रिय स्थिति में शिक्षक या माता-पिता को तत्काल जानकारी देने की सलाह भी दी. इस दौरान स्कूल संचालक आनंद प्रकाश शर्मा, प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी, अंजू जाटव, आशीष स्वामी सहित शिक्षक उपस्थित रहे.

# अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई

## 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर लोडर जब्त



नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 4 नवबंर . जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा एक ट्रैक्टर लोडर जब्त किया.**

कार्रवाई के दौरान तहसील इटारसी के ग्राम होरियापीपर में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं. जब्त वाहनों को पुलिस थाना इटारसी की अभिरक्षा में रखा गया है. इसी प्रकार तहसील माखननगर के ग्राम रजौन में रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना माखननगर की अभिरक्षा में रखी गई.

**पर्व की तैयारी** 8 नवंबर को दीपावली पर लक्ष्मी पूजन, 10 को गोवर्धन पूजा और 11 नवंबर को भाईदूज

# 6 दिन तक मनेगा दीपोत्सव, धनतेरस पर शुभ राजयोग

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 4 नवंबर . शहर से लेकर गांवों तक दीपावली की तैयारियां शुरू हो गई हैं. घरों और प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई के साथ बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है. इस बार तिथियों के घटने-बढ़ने के कारण दीपोत्सव छह दिनों तक मनाया जाएगा. 6 नवंबर को धनतेरस से पर्वों का सिलसिला शुरू होगा और 11 नवंबर को भाईदूज के साथ इसका समापन होगा.**

आचार्य पंकज पाठक के अनुसार धनतेरस पर बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनेगा. इसके साथ मालव्य राजयोग, हस्त नक्षत्र, त्रिपुष्कर और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी रहेगा. शुक्रवार को धनतेरस होने से इसका धार्मिक महत्व और बढ़ जाएगा. ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार ये संयोग सुख-समृद्धि और आर्थिक उन्नति के लिए शुभ माने जाते हैं. इस दिन शुक्र तुला राशि से निकलकर कन्या राशि में प्रवेश करेंगे. दीपावली और नवंबर के अन्य प्रमुख त्योहारों तथा स्नान पर्वों पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है. अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला द्वारा जारी आदेश के अनुसार 6 नवंबर को धनतेरस, 7 को नरक चतुर्दशी, 8 को दीपावली, 9 को सोमवती अमावस्या, 15 को डाला छठ और बिरसा मुंडा जयंती तथा 24 नवंबर को गुरु नानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है.

पिपरिया में एसडीएम आकिब खान, इटारसी में नीलेश शर्मा, सिवनी मालवा में विजय राय, नर्मदापुरम में देवेंद्र प्रताप सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट सीमा बढोले तथा सोहागपुर में डॉ. बबीता राठौर को जिम्मेदारी सौंपी गई है. सभी अधिकारियों को अपने अनुविभाग के घाटों और प्रमुख स्थलों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं.



## 8 नवंबर को लक्ष्मी पूजन, 10 को गोवर्धन पूजा

धनतेरस के बाद 7 नवंबर को नरक चतुर्दशी और छोटी दीपावली मनाई जाएगी. 8 नवंबर को दीपावली पर मां लक्ष्मी का पूजन होगा. इसके बाद 9 नवंबर को सोमवती अमावस्या, 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा और 11 नवंबर को भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा.

### बाजार में पहुंचे 10 लाख से अधिक मिट्टी के दीये

इलेक्ट्रॉनिक झालरों और आकर्षक लाइटों के विकल्पों के बावजूद मिट्टी के पारंपरिक दीयों की मांग बनी हुई है. नर्मदापुरम के बाजार में इस बार 10 लाख से अधिक दीये पहुंचे हैं. जबलपुर और बनारस से भी बड़ी संख्या में आकर्षक दीये मंगाए गए हैं. स्थानीय कुम्हारों ने भी कई महीने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी. कारीगर ने बताया कि पांच महीने की मेहनत से दीये तैयार किए हैं और इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है. त्योहार नजदीक आने के साथ बाजार में खरीदारी बढ़ रही है, जिससे स्थानीय कारीगरों को भी रोजगार मिल रहा है.

# सीवरेज के बाद सड़कों की गुणवत्ता जांचने 11 सदस्यीय दल का गठन

- 22 अधिकारियों को वार्डवार जिम्मेदारी
- रहवासियों से भी लेंगे फीडबैक



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 4 नवंबर . सीवरेज परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों के रेस्टोरेशन की गुणवत्ता जांचने के लिए जिला प्रशासन ने 11 दल गठित किए हैं. इन दलों में 22 अधिकारियों को वार्डवार निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है.**

नगर पालिका के कर्मचारी भी जांच दलों के साथ रहेंगे. बुधवार को कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों की वास्तविक स्थिति का मौके पर पहुंचकर आकलन करें और स्थानीय रहवासियों से भी फीडबैक लें. जांच दल उन सभी वार्डों में पहुंचकर सड़कों की स्थिति, मरम्मत की गुणवत्ता और निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के पालन की जांच कर रहे हैं, जहां सीवरेज पाइपलाइन डाली गई है. अधिकारियों को भौतिक निरीक्षण के साथ यह भी देखना है कि सड़क की मजबूती और समतलीकरण ठीक है या नहीं. सड़क पर बनाए गए चैंबरों की स्थिति भी जांच के दायरे में रखी गई है. उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने गत दिवस एमपीयूडीसी की समीक्षा बैठक में सीवरेज कार्य पूरा होने के बाद सड़कों के रेस्टोरेशन की जांच कराने के निर्देश दिए थे. इसके बाद अपर कलेक्टर ने 11 जांच दल गठित किए. सभी दलों को दो दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट परख पोर्टल पर अपडेट करने के लिए कहा गया है.